भारत सरकार
शिक्षा मंत्रालय
उच्चतर शिक्षा विभाग

राज्य सभा
अतारांकित प्रश्न सं. 13
उत्तर देने की तारीख: 02.02.2022

राष्ट्रीय शिक्षुता प्रशिक्षण योजना

13 # श्री सतीश चंद्र दुबेः

क्या **शिक्षा** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार राष्ट्रीय शिक्षुता प्रशिक्षण योजना (एनएटीएस) को आगे भी जारी रखेगी;

(ख) इस योजना से लाभान्वित व्यक्तियों की राज्य-वार संख्या का ब्यौरा क्या है; और

(ग) क्या एनएटीएस योजना में इंजीनियरिंग स्ट्रीम के छात्रों के अलावा किसी अन्य स्ट्रीम को शामिल किए जाने की कोई योजना है, यदि हाँ, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

उत्तर
शिक्षा मंत्रालय में राज्य मंत्री
(डॉ. सुभाष सरकार)

(क) आर्थिक मामलों की मंत्रिमंडलीय समिति ने राष्ट्रीय शिक्षुता प्रशिक्षण योजना (एनएटीएस) को 31.03.2021 से आगे 05 वर्षों की अवधि के लिए यानी 01.04.2021 से 31.03.2026 तक जारी रखने की मंजूरी दी है।

(ख) पिछले पांच वर्षों यानी **2016-17** से **2020-21** के दौरान इस योजना से लाभान्वित होने वाले व्यक्तियों की संख्या का राज्य-वार विवरण अनुलग्नक- **I** के रूप में संलग्न है।

(ग) जी हाँ, 24.11.2021 को आर्थिक मामलों की मंत्रिमंडलीय समिति ने इंजीनियरिंग स्ट्रीम के छात्रों के अलावा मानविकी, विज्ञान और वाणिज्य के छात्रों को शामिल करने के लिए एनएटीएस के दायरे का विस्तार किया है।

****

अनुलग्नक-I

राष्ट्रीय शिक्षुता प्रशिक्षण योजना के संबंध में माननीय संसद सदस्य श्री सतीश चंद्र दुबे द्वारा दिनांक 02.02.2022 को पूछे जाने के लिए राज्य सभा अतारांकित प्रश्न संख्या 13 के भाग (ख) के उत्तर में उल्लिखित अनुलग्नक।

पिछले पांच वर्षों के दौरान इस योजना से लाभान्वित होने वाले व्यक्तियों की संख्या का राज्यवार विवरण है।

क्र.सं.	राज्य	**2016 - 17**	**2017 - 18**	**2018 - 19**	**2019 - 20**	**2020 - 21**
1	आंध्र प्रदेश	1616	1439	1068	1235	800
2	कर्नाटक	8008	8217	7730	6134	4160
3	केरल	4151	3982	4731	3380	2408
4	पुदुचेरी	883	778	571	107	186
5	तमिलनाडु	33101	31216	36100	27762	25731
6	मध्य प्रदेश	1815	1913	1697	1616	993
7	महाराष्ट्र	29609	26754	30606	22279	23842
8	गोवा	619	627	416	455	351
9	गुजरात	3276	3606	4977	4941	3960
10	छत्तीसगढ़	1055	1151	1951	502	1667
11	दमन और दीव	91	59	90	56	47
12	दादरा और नगर हवेली				84	64
13	उत्तर प्रदेश	11641	11608	4270	4289	3438
14	उत्तराखंड	2334	812	787	555	453
15	हरियाणा	8003	9870	2746	2809	3565
16	पंजाब	941	862	383	469	332

17	जम्मू और कश्मीर	7	18	1	25	19
18	हिमाचल प्रदेश	725	918	274	334	385
19	राजस्थान	1144	897	565	459	650
20	दिल्ली	1274	1215	841	1278	1381
21	चंडीगढ़	126	240	52	55	46
22	उड़ीसा	11749	9033	14013	15645	9931
23	असम	443	490	623	946	802
24	बिहार	247	400	613	745	1020
25	झारखंड	2947	1347	2165	2281	3053
26	पश्चिम बंगाल	7099	8315	8308	9124	10738
27	मणिपुर	33	25	19	20	30
28	मेघालय	28	41	27	26	22
29	मिजोरम	21	21	23	24	15
30	नगालैंड	1	0	1	1	2
31	त्रिपुरा	192	116	23	30	45
32	सिक्किम	125	177	189	239	286
33	अरुणाचल प्रदेश	57	69	71	71	81
34	अंडमान और निकोबार	6	3	38	12	15
35	तेलंगाना	5245	3582	3073	1905	2425
	कुल योग	**138612**	**129801**	**129042**	**109893**	**102943**

*****